तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 चिन्हित जमीन पर गौठान, मवेशियों के लिए करना था चारे का उत्पादन लेकिन बढ़ गए बेजाकब्जे




## रक्षाबंधन के दिन सबसे अधिक 2 करोड़ 10 लाख की बिकी शराब

# सावन खत्म होते ही उमड़ी भीड़, दो दिन में 4 करोड़ की शराब गटक गए मदिरा प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सावन का महीना शुरू होने के साथ ही जिले के शराब दुकानों में बिक्री लगभग 20 से 25 फ़ीसदी गिर गई थी लेकिन जैसे ही सावन का महीना समाप्त हुआ शराब दुकानों में राखी की शाम से ही शराब दुकानों में भारी भरकम भीड़ नजर आने लगी और पिछले दो दिनों के दौरान आबकारी विभाग ने लगभग 4 करोड़ से अधिक की देसी और विदेशी शराब बेची है।

उल्लेखनीय है कि पिछले 1 महीने से सावन का महीना चल रहा था। ज्यादातर लोगों ने मदिरा से तौबा कर लिया था। यही वजह है कि शराब की बिक्री लगातार गिरते ही जा रही थी और करोड़ों में रोज बिकने वाली शराब लाखों तक आ पहुंची थी लेकिन जैसे ही सावन का महीना खत्म हुआ और भादो का महीना शुरू हुआ रक्षाबंधन की शाम से ही मदिरा प्रेमी शराब दुकान जा पहुंचे और शराब की बिक्री में अचानक उछाल दर्ज किया गया। आबकारी विभाग से मिली आंकड़ों के मुताबिक रक्षाबंधन के दिन ही आबकारी विभाग ने 2 करोड़ 10 लाख 21 हजार 310 रुपए की शराब बेची है। जिसमें 95 लाख


फाइल फोटो

93 हजार 360 रुपए की देसी शराब और 1 करोड़ 14 लाख 27 हजार 950 रुपए की विदेशी शराब बेची गई है जबकि वहीं दूसरी ओर रक्षाबंधन के दूसरे दिन रविवार को भी जिले में शराब की बंपर बिक्री हुई है। बताया जाता है कि रविवार को जिले में 1 करोड़ 94 लाख 92 हजार 670 रुपए की शराब की बिक्री हुई है जिसमें 86 लाख 23 हजार 580 रुपए की देसी शराब और 1 करोड़ 8 लाख 990 रुपए की विदेशी शराब की बिक्री हुई है। इससे आप सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि जिले में कितने लोगों ने एक महीने तक शराब से तौबा कर रखा था। पिछले दो दिनों के दौरान जिले में लगभग 4 करोड़ रुपए की शराब बेची जा चुकी है। अब आने वाले दिनों में शराब की बिक्री कुछ इसी कदर जारी रहेगी। दो दिनों में लगभग 4 करोड़ के शराब का कारोबार करने के बाद आबकारी विभाग के चेहरे पर मुस्कान देखी जा रही है क्योंकि एक महीने तक शराब की लगातार बिक्री कम होने की वजह से विभाग के चेहरे पर मायूसी छाई थी। जैसे ही सावन का महीना समाप्त हुआ अचानक शराब की बिक्री में उछाल दर्ज की गई है।

### मांस मछली के कारोबार में भी आया बूम

जहां शराब का कारोबार पिछले 1 महीने से सुस्त पड़ा हुआ था तो वहीं दूसरी ओर मांस, मछली, अंडा का कारोबार भी ठप पड़ा हुआ था। बिक्री लगभग ना के बराबर हो रही थी। शहर के कई इलाकों के पसरा व बाजारों में तो मुर्गा और मछली की दुकान ही नहीं लग रही थी लेकिन जैसे ही सावन का महीना समाप्त हुआ रक्षाबंधन की शाम से ही शहर के अलग-अलग चौक चौराहा में मुर्गा मछली का दुकान सजना शुरू हो गया था और पिछले दो दिनों से उनके व्यवसाय में भी व्यापक वृद्धि हुई है।

# बैठक रही विफल, 20 से खदानों में ट्रकों के थमेंगे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाड़ा वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर ट्रक मालिक और कोल लिफ्टरों के बीच दीपका के सामुदायिक भवन में बैठक आयोजित की गई थी लेकिन बैठक बेनतीजा रही और कोल लिफ्टर का समर्थन नहीं मिलने से नाराज ट्रक मालिक संघ ने 20 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन की घोषणा कर दी है और साफ चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर सहमति नहीं बनी तो जिले के सभी कोयला खदानों में ट्रकों के पहिए थम जाएंगे।

### खास बातें

- कोल लिफ्टर व ट्रक मालिकों के बीच हुई थी बैठक
- भाड़ा वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर पूर्व में एक दिन का हुआ था हड़ताल


बैठक के दौरान उपस्थित ट्रक मालिक संघ व कोल लिफ्टर संघ के सदस्य।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में ट्रक मालिक एसोसिएशन ने अपने ट्रकों के पहिए रोक दिए गए थे जिसकी वजह से जिले के सभी खदानों में कोयला परिवहन ठप कर दिया था लेकिन कोल लिफ्टरों के साथ में बैठक के बाद ट्रक मालिक एसोसिएशन ने आंदोलन को उसी दिन देर शाम 7 बजे स्थगित कर दिया था और कोल लिफ्टरों के साथ बैठक करने और उनके आश्वासन पर बैठक करने का सहमति बनी थी। जिसके तहत दीपका सामुदायिक भवन में सोमवार की दोपहर लगभग 12 बजे को कोल लिफ्टरों व ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारी के बीच मैराथन बैठक चली और विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई लेकिन भाड़ा वृद्धि को लेकर कोल लिफ्टरों द्वारा समर्थन नहीं मिलने के चलते एक बार फिर से ट्रक एसोसिएशन ने आंदोलन का रुख शुरु कर दिया है। ट्रक एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र तारक ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 अगस्त से जिले के सभी खदानों में ट्रकों के पहिए थम जाएंगे और भाड़ा वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन 14 को

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा द्वारा 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन प्रातः 8 बजे सीएसईबी फुटबॉल मैदान से प्रारंभ होकर सीएसईबी चौक से बांए मुड़ते हुए टीपी नगर चौक से दांए मुड़ते हुए पुनःवापस सीएसईबी फुटबॉल मैदान में समापन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ में जिले के सभी प्रबुद्धजन, समस्त विभाग के अधिकारी/कर्मचारी स्कूल, कालेज के छात्र/छात्राएं, एनसीसी कैडेटस, एनएसएस समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, स्काउट गाईड आदि शामिल होंगे।


बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444





## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब की चित्र कला प्रतियोगिता 15 को

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा 15 अगस्त को सुबह 10. 30 बजे से लायंस भवन में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष हर्ष पान्डेय ने बताया कि इसमें कक्षा 6 से 8 ए वर्ग व कक्षा 9 से 12 बी वर्ग के लिए अलग अलग विषय चित्र बनाने के लिए दिए जाएंगे जो वहीं बताया जाएगा। सभी प्रतिभागी अपने साथ पेंटिंग सामग्री लेकर आएंगे। प्रतियोगिता सुबह 11 बजे से शुरू होगी व एक घंटा चित्र बनाने के लिए दिया जाएगा। ड्रांइग सिट क्लब द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम में संयोजक सुभाष अग्रवाल एवं अरविन्द दीक्षित, विमल केडिया, जीएल जैन, जीएम गुप्ता, देवेन्द्र टुटेजा, नरेन्द्र पाल गांधी, संजय गुप्ता, राम सिंह स्वर्णकार व मोहन होनप, अरूण शुक्ला व ई सागरी है। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी इसी दिन दोपहर 1.30 बजे लायंस भवन में अतिथियों के द्वारा किया जाएगा।

### रात 3.30 बजे बार में मैनेजर ने की मारपीट

**बिलासपुर।** रात 3 बजे बार में स्नैक्स मंगाने को लेकर हुए



विवाद में मैनेजर ने एक ग्राहक के साथ जमकर मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस के अनुसार, बलौदाबाजार निवासी मनीष शर्मा पिता श्रीराम जीवन शर्मा 10 अगस्त को व्यापार के सिलसिले में व्यापार विहार आए थे। काम निपटाने के बाद देर रात वह बीयर पीने सूर्या बार गए थे। उन्होंने वेटर से स्नैक्स मंगाया तो वह नहीं ला रहा था। जल्दी लाने बोलने पर रात 3.30 बजे मैनेजर प्रशात सिंह व अन्य कर्मचारियों ने ऐसा ग्राहक नहीं चाहिए कहते हुए जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मैनेजर व अन्य कर्मचारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एलआईसी एजेंट के घर डेढ़ लाख की चोरी

**बिलासपुर।** एलआईसी एजेंट के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर डेढ़ के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका रामकृष्णनगर निवासी एलआईसी एजेंट मनोज चंद्राकर परिवार के साथ 10 अगस्त को शाम 6.30 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर गृहग्राम जोंधरा मस्तूरी चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके घर में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व 22 हजार रुपए नकद चोरी कर भाग गए। 11 अगस्त वे घर लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### काम करते हादसे में लाइनमैन की मौत

**बिलासपुर।** 11 केवी लाइन की मरम्मत में बिना सुरक्षा काम कर रहे लाइनमेन की हादसे में मौत हो गई है। 11 केवी लाइन की चपेट में आने के बाद उसे 6 अगस्त को सिम्स में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान सिम्स में 10 अगस्त की दरमियानी रात को युवक की उसकी मौत हो गई। मामले के अनुसार कोरबी निवासी युवक सहस सोरसे पिता बुधराम सोरसे 19 वर्ष 6 अगस्त की दोपहर को हाफा सकरी बायपास पर 11 केवी लाइनों के मरम्मत कार्य में लगा था। इस दौरान ठेकेदार अनुभव तिवारी द्वारा उसे बिना सुरक्षा उपकरणों के बिजली लाइन सुधार में लगाया गया था, हादसे में युवक पूरी तरह से झुलस गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से स्टाफ ने उसे सिम्स में भर्ती कराया, इस दौरान युवक का इलाज बर्न यूनिट में जारी था, युवक करीब 60 फीसदी झुलस गया था। सिम्स के डाक्टरों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन 10 अगस्त की रात को युवक की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने युवक के परिजनों को इसकी सूचना दी है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से बिजली मरम्मत का ठेका एक ही ठेकेदार को दिया जा रहा है।

मेडिसीन और न्यूरो के साथ स्कीन विभाग में रही भीड़

# दो दिन की छुट्टी के बाद 2100 मरीज सिम्स पहुंचे, एमएस ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम की मार के आने हर कोई बेबस है। उमस भरी गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। यही कारण है कि दो दिन की छुट्टी के बाद सिम्स अस्पताल में 21 सौ से अधिक मरीज ओपीडी में इलाज करने पहुंचे। एकाएक अस्पताल में भीड़ लगने के कारण व्यवस्था ध्वस्त हो गई। सुबह 11 से 1 बजे तक मरीजों की भीड़ के आगे सिम्स की सारी व्यवस्था चौपट हो गई, ऐसे में अधीक्षक डॉ लखन सिंह को स्वयं ही ओपीडी में मरीजों का इलाज करने पहुंचना पड़ा। इस दौरान 2 बजे तक 2036 मरीजों की पर्ची कट चुकी थी।

■ दो बजे तक 2036 मरीजों की हो चुकी थी एंट्री।

लगातार दो दिनों की छुट्टी के बाद सिम्स में सोमवार को ओपीडी खुली, इस दौरान डाक्टर और स्टाफ मौजूद रहे, लेकिन भीड़ के आगे व्यवस्था बौनी नजर आई। इस दौरान मेडिसीन विभाग में 415, स्कीन में 316, न्यूरो विभाग में 225 और ईएनटी विभाग में 246, गायनिक 361, आर्थो 189 व अन्य 284 मरीजों की पर्ची कटी। मरीजों की तादात में एकाएक बढ़ोत्तरी के कारण पर्ची काटने और टोकन लेने का सिस्टम ध्वस्त हो गया। स्टाफ ने समय अभाव को देखते हुए मरीजों को सीधे ओपीडी में डाक्टर को दिखाने की सलाह दी गई। इस दौरान अधीक्षक डॉ लखन सिंह को इसकी जानकारी दी गई, जिसके बाद उन्होंने स्वयं ही ओपीडी में मरीजों का इलाज करने का दायित्व उठाया। न्यूरो विभाग में भीड़ होने के कारण उन्होंने वहां के मरीजों को मेडिसीन ओपीडी में बुलाया और इलाज किया।



सोमवार को सिम्स के ओपीडी में पर्ची कटवाने लगी रही लंबी कतार।

### डायरिया व पीलिया के मिल रहे मरीज, जांच बंद

शहर में डायरिया और पीलिया के लगातार मरीज मिल रहे हैं। सोमवार को डायरिया के 17 मरीज सामने आए है। वहीं पीलिया से 4 मरीज प्रभावित हो चुके है। बताया जा रहा है कि पानी की खराबी के कारण डायरिया और पीलिया के मरीज मिल रहे है लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी की जांच बंद है। सबसे ज्यादा सरकंडा में मरीज मिल रहे है। वहीं सर्दी, खांसी और बुखार के 77 मरीज शहर के स्वास्थ्य केन्द्रों में अपना इलाज करा रहे हैं।

### मौसम के कारण बढ़ी परेशानी

उमस भरी गर्मी के कारण लोगों में वायरल का प्रकोप देखा जा रहा है, मेडिसीन विभाग में 415 मरीज पहुंचें, इस दौरान पीलिया, डायरिया और बुखार के मरीज भी थे। सबसे खास बात यह है कि इस दौरान 16 से 38 वर्ष के बीच के मरीज अधिक थे। डॉ लखन सिंह ने बताया कि सर्दी - खांसी आम बीमारी है, लेकिन इस दौरान वायरल फीवर की समस्या लेकर ज्यादा आ रहे है। मरीज थोड़ी सी दिक्कत के लिए सीधे न्यूरो पहुंच जाते है। न्यूरो में भीड़ ज्यादा थी, ऐसे में उन्हें भी मेडिसीन वार्ड में देखा गया है। दोपहर 2 बजे के करीब सभी तरह की व्यवस्था सुचारू हो गई थी।

बाइक व नकद रकम लूटकर भाग रहे थे आरोपी



# लुटेरे बाइक से गिरकर हो गए घायल, पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक ही रात दो लोगों से बाइक व नकद रकम लूटकर भागते समय लुटेरे बाइक से गिरकर घायल हो गए। इलाज के लिए अस्पताल जाते समय पुलिस ने घेराबंदी के दौरान इनोवा सवार चार युवकों को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर चारों ने लूटपाट करना स्वीकर लिया है। उनके कब्जे से लूटी गई बाइक व नकद रकम बरामद कर लिया गया है। वहीं वारदात में प्रयुक्त इनोवा जब्त कर ली गई है।

■ चार गिरफ्तार, इनोवा जब्त

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 9 अगस्त की रात बिजली आफिस के पास बलराम मंडावी को इनोवा सवार चार युवकों ने रोक लिया। उनके साथ मारपीट करते हुए बाइक लूटकर दो युवक बाइक लेकर भाग निकले। भागने के दौरान दोनों युवकों ने रहंगी पेट्रोल पंप के पास शिवकुमार सूर्यवंशी से मारपीट कर 9 हजार रुपए भी लूटा। रात में दोनों पीड़ित रिपोर्ट लिखाने चकरभाठा थाना गए। उसी समय रात्रि गश्त ड्यूटी में टीआई उत्तम साहू थाना पहुंचे। पीड़िता से पूछताछ करने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उन्होंने 6 पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर तीन अलग अलग बाइक से लुटेरों की तलाश में निकल गए। क्षेत्र में पतासाजी करने के बाद रायपुर बिलासपुर मार्ग में घेराबंदी की गई। इसी दौरान सफेद रंग की इनोवा बिलासपुर की ओर जाते दिखी। पुलिस ने उसे रोका तो उसमें चार युवक सवार थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि दो युवकों को बाइक से गिरने से चोट आई है, वे उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर जा रहे हैं। टीआई श्री साहू ने उसमें से एक युवक को पहचान लिया, वह चोरी के मामले में पकड़ा गया था। वे चारों युवकों को पकड़कर थाने लेकर गए। युवकों को देखकर प्राथियों ने पहचान लिया इनके द्वारा ही लूट की गई है। कड़ाई बरतने पर चारों युवकों ने लूटपाट करना स्वीकर कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूट की बाइक व नकद रकम बरामद कर लिया है। वहीं वारदात में प्रयुक्त इनोवा जब्त कर लिया है। लूटपाट करने के बाद दो आरोपी भाग रहे थे, इसी दौरान गिरकर घायल हो गए थे। उसके बाद इनोवा सवार साथी दोनों को इलाज कराने के लिए सिम्स लेकर जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### भाजपा नेत्री के घर चोरी ड्राइवर गिरफ्तार

भाजपा नेत्री के घर से चोरी के मामले में पुलिस ने फुटेज के आधार पर उनके पुराने ड्राइवर को पकड़कर चोरी के जेवर बरामद कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 10 अगस्त को चकरभाठा निवासी भाजपा नेत्री दुर्गा कौशिक के घर से सोने का लाकेट, टाप्स, सोने की मोती माला सहित 45 हजार के जेवर की चोरी कर ली गई थी। सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक व्यक्ति उनके घर के पास घूमते हुए नजर आ रहा था। भाजपा नेत्री ने फुटेज से उसकी अपने पुराने ड्राइवर के रूप में पहचान की। टीआई उत्तम साहू संदेही व्यक्ति के घर गए तो उनके घर में ताला लटका मिला। आसपास में पूछताछ करने के बाद उसके ससुराल में दबिश देकर हिर्री माइंस निवासी वीरेन्द्र विश्वकर्मा पिता पितांबर विश्वकर्मा 22 साल को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी के जेवर बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### ड्राइवर ने की लूटपाट

टीआई श्री साहू ने जब्त इनोवा रहंगी निवासी सोनू यादव की है। आरोपी विक्रम यादव उसके पास ड्राइवर का काम करता है। वह गाड़ी लेकर अपने घर चला गया और साथियों के साथ शराबखोरी करने के बाद राहगीरों से मारपीट कर लूटपाट कर रहा था।

### पकड़े गए आरोपी

- शैलेन्द्र ध्रुव पिता स्व. रत्नू ध्रुव 25 सा जोगीपरु रहंगी
- अनुराग गोस्वामी पिता वीरेन्द्रपुरी गोस्वामी 19 साल जोगीपुर रहंगी
- विक्रम यादव पिता गोपाल यादव इमलीडीह तेलीबांधा रायपुर
- दीपक दास मानिकपुरी पिता चेतन दास मानिकपुरी 22 साल पीडब्ल्यू कालोनी बलौदाबाजार

# बहन के साथ जा रहे युवक से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** एक फिर बीती रात टिकरापारा में बहन के साथ दोस्त के घर जा रहे युवक को रोककर दो बाइक पर सवार चार युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके पैर में चोट आई है। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, अम्बिकापुर गांधीनगर निवासी दिवाकर यादव पिता घनश्याम यादव बिरकोना रोड़ कृष्णा विहार में किराए के मकान में रहकर जीजीयू में लॉ की पढ़ाई कर रहे हैं। साथ में उनकी बहनें आचंद यादव, आकांक्षा यादव, जान्हवी यादव रहकर पढ़ाई कर रही हैं। 10 अगस्त को उनका दोस्त मोपका निवासी आयुष राय उनके घर आया था। रात 11.30 बजे आयुष ने उनसे कहा कि नए मकान में शिफ्ट हुए हो, सामान ठीक से जमा नहीं है, आज उनके घर में रूकना। उसके बाद दो गाड़ी वे मैग्नेटो मॉल के पास से बिरियानी लेकर आयुष के घर जा रहे थे। रात 1 बजे टिकरापारा जलाराम मंदिर के पास दो बाइक पर सवार चार युवक आए और चलती गाड़ी में उनकी बाइक की चाबी निकाल ली। उसके बाद युवकों ने दिवाकर यादव के साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हुए चाकू से जांघ पर हमला कर दिया। पीछे बैठी उनकी बहन के साथ भी मारपीट की गई। आयुष ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई है। हमलावर युवक रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने दिवाकर यादव की रिपोर्ट पर अज्ञात बाइक सवार चार युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दूसरे दिन भी पुलिस हमलावरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, दूसरे जिले से आकर शहर में एक युवती किराए का मकान खोज रही थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात लोरमी वार्ड क्रमांक 2 मीलपारा निवासी शानू उर्फ सलमान मिर्जा 28 साल से हुई। उसने युवती को किराए में मकान दिया। उसके बाद दोनों के बीच जान पहचान हो गई। इसी दौरान वह युवती को एक होटल में लेकर गया और नशे में जोर जबरदस्ती कर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद वह शादी करने का आश्वासन देकर लगातार संबंध बनाता रहा है। युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने युवती रिपोर्ट पर अपराध कायम कर युवक के पतासाजी में जुट गई। सोमवार को एएसआई चंद्रकांत डहरिया ने आरोपी शानू उर्फ सलमान मिर्जा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## जूना बिलासपुर में दो युवकों पर चाकू से हमला, सिम्स में भर्ती



कोतवाली पुलिस के अनुसार, सोमवार की रात 8.30 बजे जूना बिलासपुर निवासी उमेश शर्मा पैदल नागोराव स्कूल की ओर जा रहे थे। मोड़ पर बाइक सवार युवकों ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होने देखकर गाड़ी चलाने कहा तो युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। अरमान खान बीच बचाव करने आए तो उन पर भी चाकू हमला कर हमलावर भाग निकले। दोनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### बटनदार चाकू अड़ाकर पैसे की मांग, जुर्म दर्ज

सरकण्डा पुलिस के अनुसार,कपिल नगर गली नम्बर 3 निवासी नितेश कुमार ताम्रकार पिता कमल ताम्रकार 10 अस्त की रात 12.30 बजे बिलासा बैंक से काम करने के बाद दोस्त चंद्रकुमार के साथ घर जा रहे थे। कपिल नगर गली नम्बर 3 में अनिकेत तिवारी, रौनक साहू उन्हें रोककर गले में बटनदार चाकू अड़ाकर शराब के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर वे गाड़ी की चाबी निकालने की कोशिश करने लगे। चंद्रकुमार ने बीच बचाव किया तो किसी तरह दोनों जान बचाकर भागने में कामयाब हुए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 119, 1, 126, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

तारबाहर पुलिस के अनुसार, बसीर अहमद काम्पलेक्स में किराए के मकान में रहने वाला कादिर खान पिता शब्बीर खान 9 अगस्त की रात 10 बजे अपने बुआ के घर चंदुवाभाठा जा रहे थे। रात 12.30 बजे कृष्णा नेत्रालय के पास शराब पी रहे युवकों ने उन्हें रोककर हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। जिससे बाएं हाथ, गले में चोट आई है।

# स्कार्पियो चालक ने 5 लोगों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तेज रफ्तार स्कार्पियो चालक ने 5 लोगों को ठोकर मारते हुए दुर्घटना को अंजाम दिया, इस हादसे में एक युवक गंभीर तौर पर घायल हो गया। चालक ने उसे रौंदने की कोशिश की, जिसके चलते उसके घुटने की कटोरी टूट गई। सिम्स के स्टाफ ने उसे गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती कराया है। वहीं शिकायत के बाद यातायात पुलिस तत्काल पहुंची, लेकिन इस दौरान स्कार्पियो चालक गोल बाजार की ओर भागने लगा, पुलिस को देख वह मोके से फरार हो गया। पुलिस अधिकारियों ने वाहन को जब्त कर लिया है।

■ युवक का घुटना टूटा, चालक फरार

राम सेतु चौक मेट्रो स्टूडियो के पास बाइक सवार युवक व युवती को स्कार्पियो चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि युवक बाइक समेत उछल गया, इसके बाद भी स्कार्पियो चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और युवक को रौंदने का प्रयास किया। कुछ लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सिम्स में कार्यरत स्टाफ दिनेश निर्मलकर ने 112 वाहन को कॉल किया, लेकिन वाहन के नहीं पहुंचने पर स्वयं के खर्चे से ई रिक्शा में घायलों को लेकर सिम्स पहुंचाया। बताया जा रहा है कि ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 11 बीएल 1300 के चालक ने इस दुर्घटना के बाद भी अपनी गाड़ी नहीं रोकी और गोल बाजार की ओर भाग निकला, तिलक नगर के यातायात पुलिस के जवानों ने स्कार्पियो का पीछा किया। गोलबाजार में भी 3 लोगों को घायल कर चालक फरार हो गया। पुलिस ने स्कार्पियो को सिटी कोतवाली थाना पहुंचा दिया है।

## रिवर व्यू रोड के पास रामसेतु पर हुआ हादसा




जब्त वाहन। इनसेट में घायल युवक।

### रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई

घटना की सूचना मिली थी, तत्काल मौके के लिए पुलिस भेजी गई, चालक ने गोलबाजार में भी एक्सीडेंट किया है, मौके से चालक फरार हो गया है। घटना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत की है, प्रार्थियों को सिविल लाइन थाना भेजा गया है। गोलबाजार में भी दुर्घटना हुई है, इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं की गई है।

**-देवेश राठौर,** टीआई, सिटी कोतवाली

अस्पताल पहुंचकर एंबुलेंस में कराया शिफ्ट, जांच के निर्देश

# गंभीर मरीज को पिकअप में भरकर कर रहे थे रिफर, विधायक ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बतौली

जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है। इसका एक प्रमुख कारण समय पर मरीजों को एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलना है। रविवार की रात भी एकबार फिर मरीज को समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने का मामला सामने आया है। सड़क दुर्घटना में घायल मरीज को रिफर किए जाने के बाद पिकअप में भरकर भेजा गया। बड़ी बात यह है कि विधायक के हस्तक्षेप के बाद घायल व्यक्ति को एंबुलेंस मिल पाया लेकिन इस लापरवाही के कारण विवाद की स्थिति निर्मित हुई। अब इस मामले में सीएमएचओ ने जांच के निर्देश दे दिए है।



घटना की जानकारी लेते विधायक।

बता दें कि रविवार की देर शाम एनएच 43 पर माझापारा पुलिया के समीप तेज रफ्तार स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 12 एजी 5638 के चालक सीतापुर सरगा निवासी शिव कुमार कुजूर ने बाइक सवार दम्पति को टक्कर मार दी थी। इस घटना में सीतापुर आदर्शनगर निवासी 27 वर्षीय विक्की तुरिया आ.राम सुन्दर तुरिया की पत्नी 26 वर्षीया लक्ष्मी तुरिया व 2 वर्षीया बेटी बेबी की मौत हो गई थी जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना के बाद घायल युवक को उपचार के लिए शांतिपारा स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया था जहां से युवक को प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया गया लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि मरीज सड़क दुर्घटना में गंभीर मरीज को एंबुलेंस नहीं मिल पाया। इंतजार के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं पहुंचा तो मरीज को पिकअप में डालकर भेजा जा रहा था। गंभीर रूप से घायल और दर्द से कराहते व्यक्ति को पिकअप के डाला में लिटा दिया गया।

### विधायक ने दिए निलंबित करने के निर्देश

अस्पताल में एंबुलेंस मौजूद थे लेकिन चालक नहीं था। वहीं विधायक श्री टोप्पो के पहुंचने के बाद बीएमओ अस्पताल पहुंचे। जब अस्पताल में मरीज को रिफर करने को लेकर परिजन और स्थानीय लोग परेशान थे तो बीएमओ बैडमिन्टन खेलने गए हुए थे। इस बात की जानकारी लगने के बाद विधायक ने बीएमओ डॉ. संतोष सिंह को जमकर फटकार लगाईं। उन्होंने जीवनदीप समिति के चालक को तत्काल हटाने का निर्देश दिया इसके साथ ही बीएमओ को भी निलंबित करने की अनुशंसा की।

### बीएमओ ने लगाया मारपीट का आरोप

विधायक द्वारा कार्रवाई की अनुशंसा किए जाने के बाद अब बीएमओ डॉ. संतोष सिंह की तरफ से आरोप लगाए गए है। चिकित्सक का कहना है कि अस्पताल में सिर्फ एक ही एंबुलेंस चालक है जो शव वाहन और छोटे एंबुलेंस का संचालन करता है। 108 एंबुलेंस को पहुंचने में देरी हुई। व्यवस्था की कमी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। इस दौरान विधायक द्वारा संस्पेंड करने की अनुशसा की गई जबकि मेरे साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की की गई। जीवन दीप समिति के कर्मचारी के साथ मारपीट की गई।

### किसी ने हाथ नहीं लगाया

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचा तो बीएमओ मौके पर नहीं थे। एंबुलेंस चालक शराब के नशे में था। बीएमओ बैडमिन्टन खेल रहे थे। उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गये है। भीड़ आक्रोशित थी लेकिन कार्रवाई के बाद परिजन का गुस्सा शांत हुआ। भीड़ का कोई हिस्सा नहीं होता। सीतापुर के लोग मेरे समर्थक है। उन्हें किसी ने हाथ नहीं लगाया है।

**-राम कुमार टोप्पो,** विधायक

## खबर संक्षेप



### मोर तिरंगा मोर अभिमान, हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा के तहत कार्यशाला

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार मंडल में मोर तिरंगा मोर अभियान कार्यक्रम को लेकर मंडल की कार्यशाला आयोजित की गई थी। जिसमें मुख्य वक्ता राजेंद्र राजपूत अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दीपका का समग्र मार्गदर्शन प्राप्त हुआ 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक बूथ पर हर घर तिरंगा लगाने की योजना बनाई गई है, साथ ही तिरंगा पदयात्रा के साथ अमर शहीदों के स्मारक की साफ सफाई, माल्यार्पण, शहीदों के परिजनों का सम्मान आदि अनेक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेश टंडन जिला मंत्री भाजपा कोरबा, छोटे लाल पटेल जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा कोरबा, मुकेश जायसवाल भाजपा युवा नेता, पंकज धुरवा भाजयुमो जिला मंत्री, मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, मंडल महामंत्री नवरतन सिंह राजपूत, महामंत्री अमरनाथ कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता कार्तिकराम सरूते, शत्रुहन करपे, शिवरतन राठौर, अमृत लाल राठौर, मंडल उपाध्यक्ष बजरंग यादव, विनोद कंवर, देवनाथ यादव, कोषाध्यक्ष व्यास राठौर, चन्दर मरकाम रामेश्वर यादव, कमल किशोर कौशिक, प्रभाकर कौशिक, शिव मरकाम, ऋषभ साहू, श्रीमती अनुसुइया राठौर, श्रीमती अमृता यादव सहित मंडल के सम्मानिय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नगर पालिका परिषद में हर घर तिरंगा के तहत निकाली गई तिरंगा यात्रा



**दीपका।** हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को नगर पालिका परिषद दीपका में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली की शुरुआत नगर पालिका कार्यालय से हुई, जो प्रगति नगर होते हुए सेंट थॉमस चौक से नगर पालिका कार्यालय तक पहुंची। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत ने कहा यह रैली राष्ट्रभक्ति के उद्देश्य से निकाली गई है। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त तक इस तरह के आयोजन लगातार जारी रहेंगे। तिरंगा यात्रा, संगोष्ठी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीद परिवारों और उनके परिजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वरिष्ठ पार्षद एवं प्रेसिडेंट इन काउंसिल मेंबर अरुणीश तिवारी ने कहा राष्ट्र प्रेम की भावना को मजबूत करने के लिए हर घर में तिरंगा लहराना चाहिए। यह राष्ट्रीय पर्व है, इसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस तिरंगा यात्रा में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश गुप्ता, इंजीनियर मधुकर यादव, प्रियदर्शनी सोनी, पार्षद संतोष निराला, सुखसागर साहू, अविनाश सिंह, हिमांशु देवांगन, श्रीमती बुधवार देवांगन, श्रीमती शांति राजपूत, विशाल अग्रवाल, राधेश्याम सिंह, राजेंद्र साहू, मृत्युंजय चौबे मौजूद रहे।

### मेरा रेशम मेरा अभिमान के तहत रेशमकीट पालन की दी जानकारी



**पाली।** केरेबो-बुबीप्रवप्रके बिलासपुर द्वारा केंद्रीय रेशम विभाग कार्यालय पाली में मेरा रेशम मेरा अभिमान कार्यक्रम की पहल के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय रेशम बोर्ड बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, बिलासपुर द्वारा शासकीय बीज कोसा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में रेशमकीट पालन तकनीकों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम से लगभग 50 तसर उत्पादक प्रतिभागी लाभान्वित हुए. उक्त अवसर पर तसर रेशम किसानों को रेशम उत्पादन बढ़ाने हेतु केंद्रीय रेशम बोर्ड की नवीन रेशम उत्पादक तकनीकों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन कार्यालय के डॉ. जय प्रकाश पांडेय, वैज्ञानिक-डी एवं डॉ. हसनसाब नदाफ, वैज्ञानिक–डी ने तसर रेशम कीट पालन गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र को केन्द्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिकों एवं रेशम विभाग के अधिकारियों द्वारा संचालित किया गया। जिनमें डॉ. हसनसाब नदाफ, डॉ. विनोद सिंह एवं गुलशन ने व्याख्यान दिया। उक्त सत्रों में उन्नत कीट पालन तकनीक, रोग प्रबंधन तथा स्थानीय व क्षेत्रीय अनुभवों पर चर्चा किया गया।

## निधन

### दयाशंकर जायसवाल



**कोरबा।** साईं इवेंट के डायरेक्टर व समाजसेवी सत्या जायसवाल के पिता दयाशंकर जायसवाल का (74 वर्ष) का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे उनके निज निवास स्थान रानी रोड स्थित मोतीसागरपारा मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## जिले की 65 ग्राम पंचायतों को जैविक बनाने की तैयारी

# कृषि विभाग ने 11 ग्राम पंचायतों को जैविक ग्राम बनाने की शुरु की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जैविक खाद का उपयोग बढ़ाने और रासायनिक खाद के बढ़ते उपयोग को रोकने लिए कृषि विभाग ने जैविक ग्राम बनाने की तैयारी शुरु की है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के 11 ग्राम पंचायतों को जैविक ग्राम पहले चरण में बनाया जाएगा। सबसे बड़ा विकासखंड और आकांक्षी ब्लॉक होने के कारण केंद्र सरकारी की जैविक ग्राम बनाए जाने की योजना इस ब्लॉक से ही शुरु की गई है।

**खास बात**

- रासायनिक खाद के बढ़ते उपयोग को रोकने जागरुकता लाने का चल रहा काम



फाइल फोटो

पिछले कुछ वर्षों में जिले के ग्रामीण अंचलों में किसानों के बीच रासायनिक खाद का उपयोग तेजी से बढ़ा है। बढ़ते उपयोग के कारण रासायनिक खाद की मांग भी तेजी से बढ़ने के कारण कई बार किसानों को मांग के अनुरुप खाद की सप्लाई नहीं हो पाती और इससे उन्हें तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। रासायनिक खाद के बढ़ते उपयोग को रोकने एवं खाद के संकट से निपटने के लिए जैविक खाद का उपयोग किए जाने की योजना तैयार की गई है। आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा के 11 ग्राम पंचायतों को जैविक ग्राम बनाने की पूरी तैयारी हो गई है। ये 11 ग्राम पंचायतों में खेती का रकबा अन्य पंचायतों की तुलना में अधिक होने से यहां जैविक खाद का उपयोग बढ़ाने के लिए कृषि विस्तार अधिकारियों की बैठक लेकर कार्ययोजना बनाई गई है। ग्रामीण अपने स्तर पर भी जैविक खाद की तैयारी बना रहे हैं और खेती के पहले जैविक खाद डाला जा रहा है।

**जहां पशुधन ज्यादा वहां जैविक खाद का बढ़ा उपयोग**

पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा पशु संगणना के दौरान जिन ग्राम पंचायतों में पशुधन ज्यादा होने की रिपोर्ट पूर्व में दी गई थी उस आधार पर यह बात सामने आई कि जहां पशुधन ज्यादा है जैविक खाद के रुप में जैविक खाद का उपयोग ज्यादा कर रहे हैं और गोबर खाद के उपयोग बढ़ने से जैविक खाद बनाने की तैयारी भी किसानों के द्वारा अपने स्तर पर शुरु कर दी गई है। कृषि विभाग ने ऐसे ग्राम पंचायतों का सर्वे किया है, जहां पशुधन ज्यादा है वहां जैविक खाद बनाने के लिए गोबर का उपयोग सर्वाधिक हो रहा है।

## सिटी बसों के पुनः संचालन को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में संचालित होने वाली सिटी बस सेवा ठप होने से आम जनता और विशेषकर छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा ने इस संबंध में कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप कर बस सेवा को फिर से शुरू करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि पूर्व में उपनगरीय क्षेत्र कुसुममुंडा, बांकीमोंगरा, गेवरा, दीपका, एनटीपीसी, दर्री, कटघोरा, छुरी, ढेलवाडीह, बालको, रजगामार, बाल्को तक सिटी बसों का संचालन सुचारू रूप से होता था, जिससे आमजनों के साथ-साथ महाविद्यालय और स्कूल जाने वाले हजारों छात्र-छात्राओं को भी काफी लाभ मिलता था। हालांकि वर्तमान में जिस फर्म द्वारा इन बसों का संचालन किया जा रहा था, उसने मनमाने तरीके से 30-40 बसों के बजाय केवल 5-6 बसों का ही संचालन शुरू कर दिया। इसके बाद अब सभी बसों की हालत इतनी खस्ता हो गई है कि वे मरम्मत के लायक भी नहीं बची हैं। इसी कारणवश बसों का संचालन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। दीपक कुमार वर्मा ने अपने ज्ञापन में कहा है कि बसों का संचालन बंद होने से छात्र-छात्राओं को स्कूल-कॉलेज जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही शहर में प्राइवेट संस्थाओं में कार्यरत आमजनों और सामान्य जनता को भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि वे इस मामले को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द सिटी बस सेवा को दोबारा शुरू करवाएं ताकि छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों और आम नागरिकों को राहत मिल सके।

## आवास निर्माण में धीमी प्रगति पर सीईओ ने जताई नाराजगी



बैठक लेते जिपं सीईओ।

**खास बात**

- मनरेगा और डीएमएफ कार्यों की भी की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीएम ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास निर्माण की धीमी प्रगति पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने नाराजगी जताई है। सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी जनपद पंचायत सीईओ और एसडीओ को निर्देश दिए कि नियमित रूप से ग्राम भ्रमण करें और सरपंच-सचिव के माध्यम से लाभार्थियों को समय पर आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित करें।

सीईओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभार्थियों को आरसेटी के माध्यम से राजमिस्त्री कार्य का प्रशिक्षण दिलाया जाए। खनिज न्यास संस्थान मद (डीएमएफ) के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने वर्ष 2016-17 से 2022 तक के सभी अधूरे कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा इस वर्ष स्वीकृत स्कूल, आंगनवाड़ी भवन और पीडीएस गोदाम निर्माण कार्य 15 सितंबर तक प्रारंभ करने को कहा। महात्मा गांधी नरेगा की समीक्षा के दौरान उन्होंने मोर गांव-मोर पानी अभियान के तहत प्रशिक्षण एवं दीवार लेखन कार्य शीघ्र पूर्ण करने, एक पेड़-मां के नाम अभियान के अंतर्गत पूर्ण आवास परिसरों में पौधारोपण कराने और वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के सभी कार्य समय पर पूर्ण कर सीसी जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित तकनीकी सहायकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया। साथ ही युक्तधारा पोर्टल पर लक्ष्य अनुसार कार्य स्वीकृति, सामाजिक अंकेक्षण के लंबित मामलों का निपटारा और वसूली कार्य शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया गया। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य 2 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करने के आदेश भी जारी किए गए।

## आधे अधूरे एनएच पर टोल टैक्स वसूल रहे पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

राष्ट्रीय राजमार्ग 149बी जो चाम्पा से कटघोरा तक बनना है। जिसमे प्रथम चरण में चाम्पा से उरगा तक का निर्माण कार्य संपूर्णता की ओर है पर अभी शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हुआ है लेकिन एनएचएआई को वाहनों के आवाजाही पर टोल टैक्स वसूलने की इतनी जल्दी है कि अधूरे सड़क के वाहनों से पूरे पैसे वसूले जा रहे हैं। टोल नाके में इसकी जानकारी लेने पर बताया गया कि 28 जून से टोल टैक्स की वसूली चालू कर दिया गया है जो अभी ट्रॉयल के रूप में किसी केसीसी कंपनी को टोल प्लाजा के संचालन व टैक्स वसूलने का टेंडर दिया गया है।

**खास बात**

- नेशनल हाईवे 149 में टोल टैक्स की वसूली बना विवाद





उरगा चांपा मार्ग में स्थित टोल नाका।

टोल प्लाजा के संचालन में लगी केसीसी कंपनी द्वारा अधूरे सड़क की पूरे टैक्स वसूलने तथा कैश लेन में फास्टैग स्कैनर लगाकर ऑनलाइन टैक्स वसूलने से आमजन काफी परेशान हो रहे हैं और इस पर अक्सर विवाद की स्थिति बनती है। लोगों का कहना है कि जब सड़क का निर्माण शत प्रतिशत हुआ ही नहीं है और कई जगह निर्माण कार्य चल रहा है फिर एनएचएआई द्वारा किस आधार पर टोल टैक्स के पूरे पैसे वसूले जा रहे हैं। यह सड़क अभी कई स्थानों पर अधूरा पड़ा है जिसमे उरगा के पास भारतमाला सड़क क्रॉसिंग के पास लगभग 2 सौ मीटर सड़क एक साइड नहीं बना है। जिसके कारण सड़क पर धूल का गुबार उड़ते रहता है। इसी तरह अडाणी पावर प्लांट पटाढ़ी के पास एक तरफ की सर्विस लेन ही नहीं है जिससे वाहनों के आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है । इस नेशनल हाइवे में ऐसे कई स्थान है जहाँ अभी सड़क पूरा नहीं बना है और टोल टैक्स पूरा वसूला जा रहा है , जो कहीं न कहीं गलत प्रतीत हो रहा है। पूर्व में भी टोल प्लाजा में स्थानीय लोगों के द्वारा कई समस्याओं को लेकर आपत्ति व शिकायत किया गया था। विदित हो कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के टोल नियमों में कुछ मुख्य बातें शामिल हैं, जैसे टोल प्लाजा पर 10 सेकंड से ज्यादा इंतजार करने पर टोल नहीं देना होगा और यदि सौ मीटर से लंबी वाहनों की कतार लग जाये तो भी टोल नहीं देना होगा। इसके अलावा फास्टैग को विंडशील्ड पर चिपकाना अनिवार्य है, हाथ में लेकर दिखाने पर उक्त फास्टैग ब्लैकलिस्ट हो सकता है।

**3 हजार रुपए का वार्षिक फास्टैग रहेगा उपलब्ध**

15 अगस्त राजमार्गों पर लगातार यात्रा करने वालों के लिए 3 हजार रुपये का वार्षिक फास्टैग पास उपलब्ध होगा। जिसमें 2 सौ टोल-मुक्त यात्राएं या एक वर्ष की वैधता होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय वाहनों के लिए मासिक पास की सुविधा है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि टोल टैक्स के नियम सड़क के प्रकार और विशिष्ट टोल प्लाजा के अनुसार भिन्न हो सकते हैं।

## पुलिस ने 465 गुमशुदा लोगों को मिलाया उनके परिवार से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस ने इस वर्ष में अब तक कुल 465 गुमशुदा व्यक्तियों को विभिन्न स्थानों से बरामद करने में सफलता प्राप्त किया। 1 जनवरी से 10 अगस्त तक पुलिस द्वारा गुम इंसान की तलाश हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कोरबा पुलिस ने अब तक कुल 465 गुमशुदा व्यक्तियों को विभिन्न स्थानों से बरामद करने में सफलता प्राप्त की है, जिनमें 17 बालक, 92 बालिका, 243 महिला, 113 पुरुष शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में यह विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को गुम इंसानों की बरामदगी हेतु विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। पुलिस टीमों द्वारा लगातार खोजबीन, मुखबिरों की मदद, तकनीकी विश्लेषण, सोशल मीडिया ट्रैकिंग एवं संबंधित जिलों/राज्यों की पुलिस के सहयोग से यह सफलता प्राप्त हुई। कई मामलों में गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया गया तथा महिलाओं एवं पुरुषों को उनके परिवार से मिलाया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता के पिता ने 8 जुलाई को थाने में उपस्थित होकर लिखित शिकायत की थी कि उसकी नाबालिक पुत्री उम्र 15 वर्ष की है, जिसे उसके मामा का लड़का आरोपी नरेन्द्र कुमार सरवंश शादी का झांसा देकर उसके साथ 13 अप्रैल की शाम लगभग 7 बजे तथा कई बार जगह बदल-बदल कर जबरन बलात्कार किया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी खैरा डगनिया निवासी रिंकु उर्फ नरेन्द्र कुमार सरवंश उम्र 25 वर्ष पिता राम रतन सरवंश को उसकी बड़ी बहन के घर तहसीलभांठा कटघोरा से गिरफ्तार कर पूछताछ की। जिस पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

## स्कूल की अलमारी से सामान की चोरी

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत 15 ब्लॉक कॉलोनी क्षेत्र स्थित बाल विहार हायर सेकेंडरी स्कूल में बीती रात चोरों ने स्कूल में तोड़ फोड़ करके सामानों को पार कर दिया है। शनिवार को रक्षाबंधन और अगले दिवस रविवार को सामान्य अवकाश था इसलिए विद्यालय बंद था। अवकाश का फायदा उठाते हुए रविवार की रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। अलमारी के अलावा कई चीजों को उन्होंने निशाना बनाया। विद्यालय प्रबंधन में सुरक्षा और निगरानी के उद्देश्य से विद्यालय के भीतर बाहर क्लोज सर्किट कैमरे की व्यवस्था कर रखी है जिसे भी बदमाशों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। कंट्रोल यूनिट को भी निशाने पर लिया गया ताकि उनके बारे में कुछ पता ना चल सके। सोमवार की सुबह विद्यालय के कर्मचारी जब स्कूल पहुंचे तो उन्होंने इन नजारों को देखा और प्रबंधन के लोगों को जानकारी दी। स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरु कर दी है।

## जिले के खिलाड़ियों ने जीते 2 गोल्ड व 2 कांस्य





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजनांदगांव में आयोजित जू-जित्सु राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। स्नेहा बंजारे ने ने-वाज़ा और कुमिते दोनों श्रेणियों में 2 स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियनशिप पर कब्ज़ा जमाया, वहीं आयुष निराला ने दोनों श्रेणियों में 2 कांस्य पदक हासिल किए। दोनों खिलाड़ियों ने आगामी राष्ट्रीय जू-जित्सु चैंपियनशिप उत्तराखंड में आयोजित 24 व 27 सितंबर के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यहां जीतने वाले खिलाड़ी वर्ल्ड जू-जित्सु चैंपियनशिप (थाईलैंड) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्नेहा बंजारे कराटे और कूडो में अंतर्राष्ट्रीय चैंपियन रह चुकी हैं, जबकि आयुष निराला कूडो में राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब जीत चुके हैं। दोनों ही खिलाड़ी लेवल अप एमएमए अकादमी में कोच के रूप में भी सेवाएं दे रहे हैं।

## बलरामपुर की सच्ची घटना पर आधारित फिल्म दंतेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





छत्तीसगढ़ी सिनेमा में एक ऐतिहासिक कदम रखते हुए, पहली बार एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म दंतेला बड़े पर्दे पर दस्तक देने जा रही है। यह फिल्म हॉरर, कॉमेडी और ड्रामा का अद्वितीय संगम है, जिसका निर्देशन किया है डॉ. शांतनु पाटनवार ने दी है, फिल्म 29 अगस्त से सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म की कहानी बालरामपुर ज़िले के चरचरी गांव की है, जो बीहड़ जंगलों के बीच बसा है। यहां आज भी लोग गंदा पानी पीने के लिए मजबूर हैं। इसी सच्चाई से जुड़ी घटनाओं को रोमांच, डर और हास्य के साथ बड़े पर्दे पर पेश किया गया है। फिल्म के लीड एक्टर एवरग्रीन विशाल इसमें भैरू के दमदार किरदार में नजर आएंगे। फिल्म का गाना काली आवत पहले ही दर्शकों के दिलों को जीत चुका है, वहीं हाल ही में रिलीज हुआ कटिली नचइया गाना सोशल मीडिया और यूट्यूब पर जबरदस्त धूम मचा रहा है। अनिल सिन्हा जी अपने किरदार में 7 अलग-अलग अंदाज की कॉमेडी लेकर आए हैं, जो दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर देंगे। अमन सागर जी का अनुभवी और दमदार अभिनय कहानी को और गहराई देता है। वहीं, डॉ. राज दिवान फिल्म के लीड विलेन के रूप में नज़र आएंगे, जिनका खौंखार रूप दर्शकों को रोमांचित और सिहरन से भर देगा। विशेष बात यह है कि यह छत्तीसगढ़ की पहली फिल्म है जिसे डॉक्टर्स की टीम ने मिलकर बनाया है। फिल्म के निर्देशक डॉ. शांतनु पाटनवार, अभिनेता डॉ. राज दिवान, डॉ. कार्तिक सोनी, डॉ. प्रवीन मित्तल, डॉ. सुरेश प्रभाकर, डॉ. इशी मंद्रीक, सुनील कुमार साहू और अन्य शामिल हैं। फिल्म के लीड कास्ट में हैं एवरग्रीन विशाल, राया डिंगोरिया, ज्योत्सना ताम्रकार, डॉ. राज दिवान, अमन सागर, अनिल सिन्हा, वीना सेंद्रे, डॉ. कार्तिक सोनी और सत्येश शर्मा शामिल हैं।

### न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका फूलमत पति शंकर सिंह ग्राम रिसदी तहसील दीपका के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार शंकर सिंह पिता हरिराम वगैरह के नाम पर दर्ज एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा परियोजना में अधिग्रहित भूमि ख.न. 152/3ख, 370, 371, 536/1ख, 537/1, 538/1 कुल रकबा 0.538 हे. भूमि के खातेदार शंकर सिंह पिता हरिराम की दिनांक 23.05.2017 को मृत्यु हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किया है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 13/08/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका**



## खबर संक्षेप

### एएसआई सहित 10 पुलिस कर्मियों का हुआ तबादला

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पुलिस विभाग में कसावट लाने के लिए एक सउनि, 2 प्रधान आरक्षक तथा 7 आरक्षकों का तबादला किया है जिसमें सउनि पृथ्वीराज मोहन्ती को रक्षित केंद्र से जिला विशेष शाखा, प्रआर नान्हे सिंह राज पुसके मानिकपुर से चौकी कोरबी, मोहनलाल साहू चोकी से पुलिस सहायता केंद्र मानिकपुर, आरक्षक संजू श्रीवास थाना दीपका से थाना लेमरू, अंकित पाण्डेय थाना लेमरू से थाना दीपका, खेमराज सिंह सायबर सेल कोरबा से जिला विशेष शाखा कोरबा, अर्जुन सिंह थाना सिविल लाईन रामपुर से जिला विशेष शाखा कोरबा, प्रेमेन्द्र कुमार चन्द्रा थाना सिविल लाईन रामपुर से जिला विशेष शाखा कोरबा, इन्द्रदेव सिंह थाना पसान से थाना सिविल लाईन रामपुर, दीपक जगत थाना लेमरू से थाना सिविल लाईन रामपुर पदस्थ किया गया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायत चाकामार के आंगनबाड़ी केन्द्र चाकामार 3 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद की पूर्ति हेतु इच्छुक आवेदिकाओं से 13 से 27 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण) से संपर्क किया जा सकता है।

### अवंतिका को मिली कांग्रेस में राष्ट्रीय जिम्मेदारी



**गेवरा-दीपका।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सांसद प्रतिनिधि पोषक महंत और संयुक्त महामंत्री रजनीश तिवारी ने अवंतिका तिवारी के निवास पर पहुंचकर सांसद ज्योत्स्ना महंत का विशेष संदेश सौंपा। संदेश में कहा गया कि उनको युवा कांग्रेस में राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने से क्षेत्र की राजनीति में नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव की लहर दौड़ेगी। पोषक महंत ने इसे संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी हाईकमान का दूरदर्शी कदम बताते हुए कहा यह नियुक्ति आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के लिए गेमचेंजर साबित होगी। युवाओं की ऊर्जा, जोश और अनुभव से पार्टी और भी मजबूत होगी। इस मौके पर नगर पालिका दीपका की नेता प्रतिपक्ष हर्षित देवी राजपूत, पार्षद एवं एल्डरमैन भगवती यादव, श्रीदेवी नायर, राजेश यादव, गुलशन जायसवाल, रामकुमार कौशिक, एस. डी. तिवारी, युवा कांग्रेस नेता मुकेश सिंह, विनोद कर्ष समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युक्तियुक्तकरण से विद्यार्थियों की हो रही नियमित पढ़ाई

**कोरबा।** वनांचल क्षेत्र कोरकोमा का मिडिल स्कूल सिर्फ एक मिडिल स्कूल ही नहीं है, यह कोरकोमा से लेकर आसपास के दर्जनों गांवों में रहने वाले लोगों के सैकड़ो बच्चों का भविष्य भी है। कई किलोमीटर दूर से आने वाले विद्यार्थियों को यहाँ मुफ्त किताबे, मध्यान्ह भोजन तो मिलता था लेकिन विगत कई साल से दर्ज विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर पर्याप्त शिक्षक नहीं होने का खामियाजा भुगतना पड़ता था। हालांकि अन्य शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाते थे, लेकिन शिक्षक की कमी की वजह से अन्य शिक्षकों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था लेकिन युक्तियुक्तकरण से अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना की गई तो कोरकोमा मिडिल स्कूल में अध्ययन करने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों के भाग खुल गए। युक्ति युक्तकरण से यहाँ दो शिक्षिकाओं की नियुक्ति से अब कोई भी कालखण्ड खाली नहीं जाता, क्लास में विद्यार्थी नियमित पढाई कर पाते हैं। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोरकोमा में कुल 319 विद्यार्थी अध्ययनरत है। प्रधानपाठक श्री गोपाल प्रसाद साव ने बताया कि दर्ज संख्या के अनुसार यहाँ दो शिक्षको की कमी थी।

### पोड़ी उपरोड़ा में हुआ भजन कीर्तन



**कोरबा।** ग्राम पंचायत पोंडी उपरोड़ा के हनुमान चबूतरा बस्ती में प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी सम्पूर्ण श्रावण मास में रामायण गान एवं कीर्तन भजन का आयोजन किया गया जहां अलग अलग लोगों के सौजन्य से आयोजन संपन्न हुआ। सरपंच सहेत्तर सिंह राज एवं समिति द्वारा आरती पूजन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया, प्रथम सावन सोमवार को तीर्थेश्वर प्रताप सिंह तंवर के द्वारा द्वितीय सोमवार कैलाश तंवर तृतीय सोमवार सियाराम यादव एवं चतुर्थ सोमवार को सीताराम यादव के सौजन्य से आयोजन किया गया। अंतिम सप्ताह में गुलाब दास एवं धरम पाल कंवर द्वारा आयोजन हुआ। जहां महिला कीर्तन भजन भी क्रमशः रामा यादव भदरापारा, राखी दास, गणेश यादव एवं लक्ष्मी टेंट हाउस पोंडी उपरोड़ा के द्वारा संपन्न हुआ। उपरोक्त आयोजन में आसपास क्षेत्र के महिला कीर्तन टोली एवं मानस टोलियों ने भाग लिया जहां सम्पूर्ण श्रावण मास समूचा क्षेत्र शिव भक्ति में डूबा रहा।

## पंचायतों को दी गई थी चारा उत्पादन की जिम्मेदारी

# चिन्हित जमीन पर गौठान, मवेशियों के लिए करना था चारे का उत्पादन लेकिन बढ़ गए बेजाकब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों को रखने के लिए बनाए गए गौठान के समीप चारे की पैदावार करने के लिए आरक्षित की गई चारागाह की जमीन अब बेजाकब्जा की भेंट चढ़ती जा रही है।



फाइल फोटो

**खास बात**

- डेढ़ साल से गौठान के लिए नहीं आई कोई योजना

डेढ़ साल से गौठान के आसपास के जमीन के संबंध में कोई कार्य योजना नहीं बनने के कारण पंचायतों ने भी बेजाकब्जा रोकने के संबंध में कोई पहल नहीं की।

जिले के ग्रामीण अंचलों में गौठान में मवेशियों के लिए चारा उत्पादन हेतु 3 एकड़ से लेकर चार एकड़ तक की शासकीय भूमि चारागाह के लिए आरक्षित की गई थी ताकि चारे का उत्पादन कर गौठान के मवेशियों के लिए आपूर्ति की जा सके। योजना की शुरुआत में चारागाह के जमीन में चारे की खेती के लिए महिला समूह और गांव के चारवाहों को ही काम दिया गया था और पूरी जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को दी गई। जब तक योजना चलती रही गौठान को लेकर बने चारागाह में पंचायतों द्वारा चारे का उत्पादन किया जाता रहा। बीते डेड़ वर्ष से नई सरकार बनने के बाद से गौठान की उपयोगिता को लेकर कोई कार्ययोजना नहीं बनने के कारण चारागाह की जमीन पर लोग धान की फसल लेने लगे, खेत बना दिए गए। ऐसे मामले करतला विकासखंड के अलावा पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड व कोरबा विकासखंड में सामने आया है। जहां चारागाह की जमीन में धीरे धीरे बेजाकब्जाधारियों के भेंट चढ़ते जा रही है। जिनमें जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं। यही कारण है कि उनके प्रभाव के कारण स्थानीय ग्रामीण चारागाह की जमीन में बढ़ते बेजाकब्जा की शिकायत प्रशासन स्तर पर भी नहीं की गई। अगर इन मामलों की जांच की जाए तो बेजाकब्जा करने वाले जनप्रतिनिधियों की हकीकत सामने आ जाएगी।

**ग्राम सभा में उठा है मामला**

हाल ही में संपन्न हुई ग्राम पंचायतों के ग्राम सभा में चारागाह की जमीन में बेजा कब्जा हटाने के संबंध में कार्यवाही किए जाने का मुद्दा ग्रामीणों के द्वारा उठाया गया था। बैठक में उपस्थित पंचायतों के अधिकारियों के सामने ग्रामीणों ने शिकायत भी की थी। उसके बाद से राजस्व विभाग के स्थानीय अमले के द्वारा ग्राम पंचायतों से गौठान के आसपास चारागाह के लिए आरक्षित की गई। जमीन के रकबे और खसरे नंबर की जानकारी एकत्र की गई है। जिले में ऐसे 20 ग्राम पंचायत सामने आये हैं जहां चारागाह के जमीन पर बेजाकब्जा तेजी से बढ़े हैं। इन ग्राम पंचायतों में करतला और कोरबा विकासखंड की पंचायतों की संख्या ज्यादा है।

**सामान भी हो गए चोरी**

गौठान में लगे बेशकीमती सामान भी धीरे धीरे चोरी होने लगे हैं। पंचायतों ने इसकी शिकायत पुलिस में भी नहीं की और चारागाह की जमीन पर बढ़ते बेजाकब्जा को रोकने के लिए पंचायतों ने अपनी ओर से कोई पहल तो की नहीं और न ही राजस्व विभाग के पास ऐसे कोई शिकायत की जिससे बेजाकब्जा रोका जा सके। चारागाह की कुछ शासकीय जमीनों में आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने की भी स्वीकृति मिल गई है। इसके लिए ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव पारित हुए हैं।

# महाप्रबंधक ने वित्तीय समावेशन शिविर का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशों के अनुसार 1 जुलाई से 30 सितंबर तक ग्राम पंचायत स्तर पर वित्तीय समावेशन योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है। जिसमे जिला प्रशासन के सहयोग से बैंकों द्वारा जिले के सभी 412 ग्राम पंचायतों में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में जनधन एवं सभी निष्क्रिय खातों में केवायसी, जनधन खाता खोलना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना का कार्य किया जाना है।

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार बैंक खाते का पुनः केवाईसी समय-समय पर किया जाता है जिससे खाताधारक सुचारु रूप से अपने खाते का संचालन जारी रख सकें। इसी कड़ी में 8 अगस्त को जिले के पाली ब्लॉक के बुड़बुड़ ग्राम पंचायत में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा किया गया जिसमे क्षेत्र के सभी बैंक भारतीय स्टेट बैंक पाली, बैंक ऑफ़ बड़ौदा पाली, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पाली, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया चैतमा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पाली ने भाग लिया। महाप्रबंधक मनीष पाराशर ने इस शिविर का दौरा किया और अभियान के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैंक अधिकारियों एवं लाभार्थियों से संवाद कर वित्तीय समावेशन के महत्त्व पर प्रकाश डाला। शिविर में भारतीय रिज़र्व बैंक, एकीकृत लोकपाल योजना 2021, निष्क्रिय खाते, डिजिटल धोखाधड़ी, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं शासकीय ऋण योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में सीईओ जनपद पंचायत पाली भूपेंद्र कुमार सोनवानी, भारतीय स्टेट बैंक के आरएम आदर्श श्रीवास्तव, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के आरएम सुबोध कुमार लाल, छग राज्य ग्रामीण बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक उत्तम कुमार नवरंगे, जिला पंचायत के जिला स्तरीय डीपीएम एनआरएलएम एवं सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं स्टाफ उपस्थित थे।

# मारपीट कर डकैती करने वाले नाबालिग सहित 8 आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चौकी सीएसईबी अंतर्गत पंप हाउस निवासी आरती यादव उम्र 37 साल पति स्व. रामायण यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 अगस्त की रात्रि 10:30 बजे इसका पुत्र गब्बर यादव काम कर घर वापस आ रहा था तभी 15 ब्लॉक मैदान के पास मयंक, मनित एवं उसके अन्य साथी मिले थे जो प्रार्थीया के पुत्र को हमारे खिलाफ चौकी में रिपोर्ट करते हो कहकर मां-बहन की अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किए, गब्बर यादव भागते हुए अपने घर गया तब आरोपीगण मोह. अब्दुल कादिर, मनोज यादव, आर्यन दीवान, आदिल अंसारी एवं उनके 4 नाबालिक साथी मिलकर जबरन प्रार्थिया के घर अंदर घुसकर प्रार्थिया एवं गवाहों को मां-बहन के अश्लील गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देकर हॉकी स्टिक, लोहे की राड, बेल्ट, डंडा एवं हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए नगदी 15 सौ रुपए लूट लिए साथ ही घर के सामान एसी, वॉशिंग मशीन, दरवाजा, आटा चक्की, अजबेस्टर सीट को तोड़ दिये हैं। मामले में उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3), 324(4), 333, 310(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की मुहीम तेज, अब तक 241 लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त शराब।

अवैध शराब के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा विशेष मुहीम चलाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना चौकी प्रभारी द्वारा अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। पिछले कुछ दिनों के दौरान ही जिला पुलिस ने अवैध शराब के 21 आरोपियों को गिरफ्तार का 241 लीटर शराब जप्त करने में सफलता हासिल की है।

आबकारी एक्ट के तहत पुलिस की कार्यवाही में कुल 34 प्रकरण एवं 34 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। जिले में पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। माह अगस्त में 10 अगस्त तक की गई कार्रवाई में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के कुल 8 प्रकरण दर्ज किए गए हैं जिसमें 8 आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया तथा उनसे 19 लीटर देशी शराब, 3 लीटर विदेशी शराब एवं 200 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। धारा 34(1) क, ख आबकारी एक्ट के तहत कुल 5 प्रकरण दर्ज कर 5 आरोपी पर कार्यवाही किया गया जिनसे 19 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। वहीं धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कुल 21 प्रकरण दर्ज कर 21 आरोपियों पर कार्यवाही किया गया। इस तरह 10 अगस्त तक कुल 241 लीटर अवैध शराब पुलिस द्वारा जप्त की गई है।

**अवैध शराब परिवहन करने वाला आरोपी गिरफ्तार**

करतला पुलिस को मुखबीर से मिली सूचना पर एव्हरेस्ट चौक हेडमोरिया के पास एक संदिग्ध वाहन क्रमांक सीजी 12 एवी 4531 को रोककर चेक किया गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब पाई गई। जिसमें रेडमी मदिरा 11 नग, सीजी फाइन विस्की 94 नग, जम्मू स्पेशल विस्की 10 नग कुल मात्रा 21.420 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपी ग्राम बेहरचुआं निवासी गजराज राठिया पिता भारत लाल राठिया को धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

# ग्राम नेवसा के धनुहारपारा में डायरिया से एक दर्जन लोग बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवसा के आश्रित ग्राम धनुहार पारा में लगभग 3 सौ की आबादी है। जहां कुछ दिनों से कुछ महिला पुरुष व बच्चों में उल्टी दस्त होने की शिकायत मिल रही थी,जिसे गांव के कुछ जागरूक लोगों को जानकारी होने पर उतरदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डां थवाईत को सूचना दी गई। उन्होंने पाली बीएमओ डॉ अनिल शराफ को दी जिनके दिशा निर्देश में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य टीम के द्वारा रविवार सुबह 8 बजे कैंप लगाकर घर घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण शुरू किया गया। जिसमें से 4 लोगों को स्थित देखते हुए,पाली स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया। वहीं दो लोगों दीपक बाई 25 वर्ष व शिवानी 10 वर्ष को दस्त होने पर घर ही ट्रीप चढ़ाकर उनका उपचार किया गया।

**खास बातें**

- दो दिन से घर घर जाकर कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गाय
- चार लोगों को पाली स्वास्थ्य केन्द्र किया गया रेफर



मरीजों के घर पहुंचकर किया जा रहा इलाज।





कुंआ का पानी नहीं पीने लगाया गया बैनर।

डायरिया होने का मुख्य कारण जिस कुआं से ग्रामीण पानी पी रहे थे ,उसके नज़दीक तलाब है, कुआं का पानी बारिश व तलाब के नजदीक होने से वह पूरी तरह दूषित हो गया जिसके कारण लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। उतरदा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कुआं का दूषित जल पीने लायक नहीं है,कुआं का पानी उपयोग न करें, का बैनर व लाल पेंट से क्रास लगाकर बैन कर दिया गया है। डाक्टर थवाईत का कहना है कि अभी स्थिति सामान्य है,कुआं का पानी जो तलाब के नजदीक है जिसे पीने से यह स्थिति हुई,कुआं पर बैनर लगाकर बरसात तक उसमें का पानी नहीं टिकने की सलाह दी गई है साथ ही नजदीक एक घर में बोर है वहां से पानी लेकर पीने को कहा गया है,उन सभी को घर मालिक पीने के लिए पानी देने तैयार हुआ। पाली बीएमओ डा अनिल शर्राफ ने कहा कि कुआं में दूषित व बारिश का पानी को पीने से ग्रामीणों का तबियत बिगड़ी, उपचार चल रहा है वहीं उतरदा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की पूरी टीम कैंप लगाकर घर घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण की है अभी स्थिति सामान्य है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्माहत्या

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 25 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान फर्टिलाइजर बस्ती नागोईखर दर्री निवासी दीपक ध्रुव उम्र 24 वर्ष पिता देव सिंग ध्रुव के रुप में हुई है। दीपक ने कुछ वर्षों पूर्व ही लव मैरिज किया था और उसका डेढ़ वर्ष का बच्चा भी है। दीपक ने किन कारणों को लेकर आत्महत्या की है वह जांच के उपरांत ही पता चलेगा।





# राजस्व कालोनी में रह रहे नायब तहसीलदार के घर चोरों का धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्व कॉलोनी स्थित नायब तहसीलदार के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। हालांकि इस मामले को लेकर जब थाना प्रभारी से बातचीत की गई तो उन्होंने नायब तहसीलदार के घर किसी भी तरह की चोरी की घटना से साफ इनकार किया है।

**खास बात**

- पुलिस नहीं कर रही घटना की पुष्टि

सूत्र बताते हैं कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत राजस्व कॉलोनी में निवासरत नायब तहसीलदार रक्षाबंधन के पर्व पर बाहर गए हुए थे। इस दौरान सूनेपन का फायदा उठाते हुए चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है लेकिन इस मामले को लेकर सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डडसेना से जानकारी चाही गई तो उन्होंने इससे साफ इनकार किया है और किसी भी तरह की चोरी की घटना होने की पुष्टि नहीं की है।

**बीएसएनल कॉलोनी में भी हुई चोरी**

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 बीएसएनल कॉलोनी के टाइप 2 एनएच 15 में निवासरत एक परिवार रक्षाबंधन पर बाहर गया हुआ था। जहां सूनेपन का फायदा उठाते हुए चोरों ने मकान में रखे सोने चांदी सहित इलेक्ट्रॉनिक सामानों की चोरी की गई है। इस मामले को लेकर सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रार्थी ने मामले की लिखित में शिकायत की है लेकिन मामूली चोरी होने की बात उन्होंने कही है इस पर अपराध दर्ज नहीं हुआ है।





